हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 8 दिसंबर, 2025



# बारहवीं पास बहू ने दी साक्षरता परीक्षा, दादी-नानी की जगह बच्चों ने भरा पर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन राजनांदगांव जिले में खानापूर्ति नजर आया। यहां पर दादा-दादी, नाना-नानी का पर्चा स्कूली बच्चे भरते नजर आए।

साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित परीक्षा का उद्देश्य असाक्षर लोगों को साक्षरता की ओर ले जाना था। इसके लिए ऐसे असाक्षर लोगों की तलाश की गई थी, जिन्होंने स्कूली शिक्षा ग्रहण नहीं की है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी को शामिल किया गया, लेकिन यह परीक्षा केवल औपचारिकता ही नजर आ रही है।

बीते वर्ष भी इस परीक्षा में मूल परीक्षार्थियों की जगह दूसरे लोगों ने परीक्षा दी थी। वहीं आज आयोजित हुई इस परीक्षा में असाक्षरों की जगह 10वीं-11वीं के बच्चे प्रश्न पत्र हल करते नजर आए। शहर के समीप शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 22 असाक्षर लोगों का पंजीयन इस साक्षरता परीक्षा के लिए किया गया था। इसमें से एक परीक्षार्थी का देहावसान होने के बाद यहां 21 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था, लेकिन इस परीक्षा केंद्र में 21 परीक्षार्थियों की जगह 21 प्रश्न पत्र एक जगह ही कक्षा नवमीं, दसवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थी हल करते दिखाई दिए। हरिभूमि की टीम जब इस परीक्षा केंद्र में पहुंची तो यहां पर बच्चे प्रश्न पत्र हल कर रहे थे। स्कूल प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में गांव की कुछ महिलाओं को परीक्षा देने के लिए बुला दिया गया, जिन्हें यह तक नहीं मालूम था कि वह यहां परीक्षा देने पहुंची है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा का आयोजन, केंद्रों में दिखा अजीब नजारा

### सास नहीं पहुंची तो बहू ने दी बदले में दी परीक्षा

गठुला के इस परीक्षा केंद्र में 12वीं पास बहू सरोज भी अपनी जगह स्वयं परीक्षा देने पहुंच गई। जब उनसे पूछा गया कि वहां कितनी पढ़ी है तो उन्होंने बताया कि वह 12वीं पास है, लेकिन इसके बाद भी साक्षरता परीक्षा देने की वजह पूछने पर उन्होंने बताया कि वह अपनी सास के बदले यहां परीक्षा देने पहुंची है।



**बिना नाम लिखे ही भरी गई आंसर शीट:** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गठुला में स्कूली बच्चों द्वारा यहां बैठकर बिना आंसर शीट में परीक्षार्थी का नाम लिखे प्रश्नों को हल किया जा रहा था। इस परीक्षा केंद्र में 21 परीक्षार्थियों में से महज दो पुरूष परीक्षार्थी ही थे। बाकी सभी महिलाएं थी। जिसमें अधिकतम आयु 70 वर्ष थी।

### अक्षर ज्ञान दिए बिना ही परीक्षा

इस परीक्षा केंद्र में कई ऐसी भी बुजुर्ग महिलाएं थी, जिन्हें अक्षर का ज्ञान भी नहीं था। इन महिलाओं को पढ़ाया भी नहीं गया। जबकि 120 घंटे की पढ़ाई इसके लिए अनिवार्य की गई थी। परीक्षा देने पहुंची अधिकांश महिलाएं अक्षर भी नहीं पढ़ पा रही थी। वहीं संख्याओं को आपस में जोड़कर पढ़ना भी नहीं आ रहा था। कुछ महिलाएं तो ऐसी भी थी, जिन्हें अपना नाम तक नहीं लिखना आता है और वह अंगूठा लगती है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, दो गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की टीम गठित कर ग्राम कोपेडीह में कल्याणी इस्पात गेट के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी मुकेश साहू 35 साल निवासी ग्राम कोपेडीह एवं हेमंत देशमुख 32 साल निवासी ग्राम कोपेडीह को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक कुल 29 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 3480 रुपए एवं ब्रिकी रकम कुल 840 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट का पाए जाने से दोनों आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई करते हुए एवं पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, उनि बलदाऊ चंद्राकर, आरक्षक तुषार मरकाम, विनोद महिलांगे, मनोज हरमुख का सराहनीय योगदान रहा है।

### तीन जिलों के 50 केन्द्रों में बफर लिमिट पार



**राजनांदगांव।** पिछले 14 नवंबर से जारी धान की सरकारी खरीदी में अविभाजित जिले के लगभग 50 केन्द्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। सभी समितियों से भी लगातार रोजाना खरीदी लिमिट में इजाफा करने की मांग आ रही थी। जिसको देखते हुए अब लिमिट में इजाफा भी कर दिया गया है। आज से जिले के सभी केंद्र में अधिक धान खरीदा जा सकेगा। जिसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। वहीं आज से धान का उठाव भी शुरू होने जा रहा है। खरीदी शुरू होने के महीनेभर बाद आज से डीओ जारी किए जाने की शुरूआत होगी। बताया गया कि जिले में राईस मिलर्स का पंजीयन की प्रक्रिया भी जारी है, जिन राईस मिलर्स ने पिछले साल के कोटे का धान जमा कर दिया गया है, उनका नया पंजीयन किया जा रहा है।

### माय एंगल




# पटवारी बनने दिखा जोश, समय पर नहीं पहुंचने से परीक्षा से हुए वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

रविवार को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग में अमीन पटवारी भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया। इस परीक्षा को लेकर युवा बेरोजगारों में खासा उत्साह दिखाई दिया। सीजी व्यापम द्वारा आयोजित की गई इस परीक्षा में 50 पदों पर 10वीं-12वीं पास उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए थे।

परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 से 2.15 बजे तक किया गया। इस दौरान परीक्षार्थियों को कड़े जांच-पड़ताल से गुजरना पड़ा। ठंड के मौसम को देखते हुए व्यापम द्वारा बिना जेब वाले स्वेटर पहनने की अनुमति दी गई थी। वहीं परीक्षा केंद्र के भीतर टोपी, बेल्ट, पर्स, घड़ी, मोबाइल सहित इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित किए गए थे।



### 46 केन्द्रों में हुई परीक्षा

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता माहेश्वरी ने बताया कि अमीन पदों पर भर्ती के लिए 46 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 13331 परीक्षार्थियों का पंजीयन किया गया था। वहीं इस परीक्षा में 9436 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 3895 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि सौ प्रश्न पूछे गए थे और प्रश्न ठीक थे। इस परीक्षा में कम्प्यूटर, हिंदी, अंग्रेजी, गणित और सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को शामिल किया गया। वहीं कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि कई प्रश्न काफी कठिन आए थे और कई प्रश्न घुमावदार पूछे गए थे।

**विलंब से पहुंचने पर नहीं मिला प्रवेश :** जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन पदों के लिए आयोजित की गई इस परीक्षा में सुबह 11.30 बजे परीक्षार्थियों को पहुंचना था। वहीं 12 बजे से परीक्षा आयोजित की गई थी, लेकिन कई परीक्षार्थी विलंब से पहुंचे, जिन्हें परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं दिया गया। जिसके चलते सैकड़ों परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए। कुछ परीक्षा केन्द्रों में समय को लेकर परीक्षार्थियों द्वारा विरोध भी दर्ज किया गया। परीक्षार्थियों ने कहा कि वह समय पर पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया।

**0 राजनांदगांव।** मौसम परिवर्तन के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। खासकर शाम होते ही पाश कालोनी से लेकर श्रमिक बाहुल्य इलाकों में मच्छरों की सक्रियता से आम लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। इधर बाजार में मच्छर मारने की दवाइयों की मांग बढ़ी है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन



डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# नवविवाहिता की हत्या, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

चरित्र शंका को लेकर नवविवाहिता का दोपहर को सोते समय हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 26 नवंबर को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री से प्राप्त अस्पताली मेमो सूचना पर नवविवाहिता महिला मोनिका रामटेके पता गौरीनगर थाना चौकी चिखली को मृत अवस्था में अस्पताल में भर्ती करने की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच कार्रवाई में लिया गया। मृतिका के परिजनों के कथनों एवं पीएम रिपोर्ट की सूक्ष्मता से जांच करते हुए धारा-103(1), 3(5), 238 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### वायर से गला दबाकर हत्या



पुलिस के अनुसार इस मामले में विवेचना दौरान मृतिका के पति रवि रामटेके 24 वर्ष, सास प्रमिला रामटेके 46 वर्ष एवं रिश्तेदार अजय उर्फ करन डोंगरे 19 वर्ष गौरीनगर वार्ड नं. 13 अचानक नगर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, जिस पर तीनों आरोपियों द्वारा मृतिका के साथ हमेशा लड़ाई-झगड़ा एवं चरित्र शंका को लेकर हत्या का सुनियोजित प्लान बनाकर 26 नवंबर को मृतिका के दोपहर में सोते समय वायर से गला को कसकर दबाकर हत्या करना स्वीकार करने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया।

# लुढ़का तापमान, दो दिन शीतलहर का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अंचल में एक बार फिर ठंड का कहर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। उत्तरी दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के चलते न्यूनतम तापमान दस डिग्री के करीब आ गया है। वहीं मौसम विभाग ने दो दिन के लिए शीतलहर को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। मौसम में बदलाव के चलते लोगों की सेहत पर भी असर देखने को मिल सकता है।

उल्लेखनीय है कि मौसम में पिछले एक महीने से लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इससे पहले भी मौसम विभाग द्वारा दो दफा शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया जा चुका है। हालांकि एक हफ्ता पहले तक तापमान सामान्य से अधिक पर था, जो अब लगातार नीचे आ रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बदलते मौसम में मलेरिया फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। पिछले कुछ दिनों से रायपुर में दिन का तापमान लगातार प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा है। वहीं सूरज ढलते ही तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। ऐसे में ऑफिस जाने वाले, स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े साथ रखने चाहिए, ताकि अचानक तापमान गिरने का असर तबीयत पर न पड़े।

### वायरल से बचने रहे सतर्क

अंचल में बढ़ती ठंड के बीच स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट मोड में आ गया है। विभाग ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से अपील की है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | 1. चिचोला | 1 पद |
| सेल्समेन | 1. डोंगरगांव | 2 पद |
| | 2. छुरिया | 2 पद |
| | 3. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |

इंटरव्यू दिनांक : 12.12.2025, स्थान : राजनांदगांव
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.
9977184777, 8120006476, 9827953976

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### आयुष स्वास्थ्य मेला आज

**डोंगरगांव।** संचालक आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में नगर के पुराने हॉस्पिटल परिसर में कल 8 दिसंबर को ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। शिविर में चिकित्सकों द्वारा वातरोग, गठियावात, आमवात, संधिवात, कटिशूल, उदररोग, स्त्रीरोग, बालरोग, चर्मरोग, मधुमेह, बीपी, श्वास, कास, अर्श एवं अन्य रोगों का निदान किया जाएगा। प्रभारी आयुष विशेषज्ञ डॉ. वर्षा नागवंशी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, अंजू त्रिपाठी के आतिथ्य में होगा। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### वाहनों के खड़े होने से हादसे का खतरा



**अंजोरा।** भारत माला रोड निर्माण के कारण आसपास बसे लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व जनपद सदस्य हरेंद्र देव ने बताया कि अंजोरा- थनौद मार्ग पर सैकड़ों भारी वाहन खड़े कर दिया जाता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि निर्माण के दौरान सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किया गया है जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है। निर्माण एजेंसी की लापावाही के कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। ग्राम के हरेंद्र देव, संतोष देवांगन, नरेंद्र देशमुख, संदीप आदि ने निर्माण एजेंसी को सुरक्षा के उपाय करने और वाहनों को हटाने की मांग की है।

### उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



**साल्हेवारा।** सेजेस साल्हेवारा में 6 दिसंबर को लंच विथ एक्सीलेंट टीचर एंड कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के पूर्व रजिस्टार नीलमचंद सांखला एवं प्रधान जिला न्यायधीश शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कक्षा ग्यारहवी एवं बारहवी के छात्र छात्राओं के साथ संवाद करते हुए कैरियर पर मार्गदर्शन दिया। श्री सांखला ने बीईओ गिरेंद्र सुधाकर, विकासखंड स्रोत समन्वयक दुष्यंत शर्मा, पूर्व बीआरसी श्री श्रीवास्तव सहित विकासखंड के कुल 39 शिक्षक-शिक्षिकाओं को श्रीफल, साल, प्रमाण पत्र एवं मोमेंट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दिलिप शुक्ला, ओमकेश पांडेय, रामपुर प्राचार्य श्री पटेल, व्याख्याता श्री पटले, मनोज मरकाम सहित अन्य शामिल हुए।

### ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर जोर

**डोंगरगढ़।** जर्जर ग्रामीण मार्गों के सुधार और नए निर्माण को लेकर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पीडब्ल्यूडी तथा जनप्रतिनिधियों से शीघ्र पहल करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मोहारा सुकुलदैहान मार्ग को संज्ञान में लेकर लगभग 31 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है इसी प्रकार पुरैना अन्यानवागांव, पुरैना सहसपुर, चैतूखपरी विष्णुपुर, खुर्सीपार सेम्हरा गातापार मार्ग खराब हालत में हैं। इन मार्गों से गुजरने वाले किसानों, विद्यार्थियों, मजदूरों तथा मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से गांवों के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। वहीं किसानों एवं विद्यार्थियों को आवागमन में राहत मिलेगी।

### मजाक बना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

# सिर्फ पुस्तक मिली पर असाक्षरों ने कभी पढ़ा नहीं, पहुंच गए परीक्षा देने

## परीक्षा के नाम पर किया गया केवल खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को महापरीक्षा का आयोजन किया गया। जिस तरीके से परीक्षा आयोजित की गई वह किसी मजाक से कम नहीं थी। परीक्षा के दौरान प्रशासनिक लापरवाही यह देखने मिली कि बिना पढ़ाई कराए लोगों को परीक्षा में बैठा दिया गया।जानकारी अनुसार जिले के 209 परीक्षा केंद्रों में 3085 असाक्षरों के परीक्षा में शामिल होने का दावा किया गया लेकिन हकीकत यह रही कि इन परीक्षार्थियों को अ से अनार तक का ज्ञान नहीं था।

नगर पंचायत के वार्ड एक स्थित प्राथमिक शाला में परीक्षा देने पहुंची अमरीकाबाई मानिकपुरी, सावित्रीबाई सोनवानी और रेखा कलार ने व्यवस्था की पोल खोलते हुए बताया कि उन्हें आज तक किसी ने एक शब्द नहीं पढ़ाया। उन्हें केवल पुस्तकें थमा दी गई थीं, लेकिन न तो घर पर और न ही किसी केंद्र में उन्हें अक्षर ज्ञान दिया गया। बिना तैयारी के सीधे परीक्षा देने पहुँची थी।



#### दोपहर तक 6 पहुंचे परीक्षा देने

इस सरकारी फ्लॉप शो की दूसरी बड़ी तस्वीर परीक्षा केंद्रों में सन्नाटा के रूप में देखने मिला। सुबह 11.30 बजे तक उक्त केंद्र में पंजीकृत 48 परीक्षार्थियों में से केवल 6 महिलाएँ ही पहुँची थीं, जो अभियान की विफलता पर मुहर लगाती है। हालांकि केंद्र में उपस्थित शिक्षकों का कहना था कि सुबह 10 से शाम 5 बजे तक परीक्षा का समय है। बाकी परीक्षार्थी से बाद में परीक्षा देने पहुँचेगे।



#### फोन रिसीव नहीं

इस मामले पर बीईओ सुधारक से जानकारी लेने संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके काल रिसीव नहीं करने से उनका पक्ष नहीं मिल सका।

#### लाभ का अभाव में फ्लॉप

जानकारों के अनुसार योजना की सबसे बड़ी खामी प्रोत्साहन की कमी है। नियम के मुताबिक 10वीं, 12वीं या कॉलेज के छात्र या अन्य साक्षर व्यक्ति इन असाक्षरों को पढ़ा सकते थे, लेकिन पढ़ाने वाले बच्चो के लिए बोनस अंक देने और अन्य लाभ का प्रावधान नहीं किया गया है जिसके चलते शिक्षित युवाओं ने इस अभियान में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर रोजी-रोटी के लिए संघर्ष करने वाले निरक्षरों के पास बिना किसी लाभ के कुछ सीखने के लिए न तो समय है और न ही उत्साह।

# नपं का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में, पार्षदों ने उपमुख्यमंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- बिना प्रस्ताव के थोक सब्जी विक्रेताओं का व्यवस्थापन

लाटमेटा प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव नगर पहुंचे। स्थानीय विश्राम गृह के सामने स्वागत कर नगर पंचायत के भाजपा पार्षदों ने उनके द्वारा पारित प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डालने की शिकायत की। पार्षदों ने सीएमओ को हटाने की भी मांग उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव के बाद से भाजपा पार्षदों और सीएमओ के बीच पटरी नहीं बैठ रही है। बहुसंख्यक पार्षद सीएमओ को हटाने के पक्ष में हैं तो भाजपा का एक खेमा उन्हे संरक्षण देने में लगा है जिसके चलते अब तक हटाया नहीं जा सका है। गौरतलब है कि विधानसभा के बीते सत्र में पहली बार नगर पंचायत के कुछ मामले उठ चुके है। जानकारी के अनुसार पार्षदों ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष थोक सब्जी व्यापारियों के व्यवस्थापन के नाम पर हुए खेल का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि पूर्व कार्यकारिणी के कार्यकाल में बिना प्रस्ताव के थोक सब्जी व्यवसायियों से व्यवस्थापन के नाम पर 80-80 हजार जमा तत्कालीन सीएमओ ने करवाया था। इस मामले में विवाद के बीच मौजूदा सीएमओ ने भी कुछ व्यापारियों से राशि लेकर रसीद काट दिया था।

#### शासन को नहीं भेजा प्रस्ताव

जानकारी के अनुसार मामले का खुलासा होने के बाद नगर पंचायत ने सामान्य सभा की पहली बैठक में जांच और कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया था जिसे अब तक शासन का भेजा नहीं गया है। प्रस्ताव की अनदेखी से पार्षद काफी नाराज है। वहीं यदाकदा उपेक्षा करने, अनसुनी करने जैसे आरोप भी पार्षद लगाते आ रहे हैं। लगातार उपेक्षा का दंश भोगते बहुसंख्यक पार्षद सीएमओ को हटाने के पक्ष में है किन्तु कुछ प्रभावशाली नेताओं संरक्षण देने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी है।पार्षदों ने आज खुलकर सामने आकर उप मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखा है।

#### पूरा अमला गायब

उप मुख्यमंत्री अरुण साव जो नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री भी हैं के प्रवास के दौरान नगर पंचायत का पूरा प्रशासन नदारत रहा। इस मामले को लेकर नगर में काफी तीखी प्रतिक्रिया देखने मिली। लोगों का कहना है कि प्रोटोकाल के मुताबिक नगर प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों को मौके पर मौजूद रहना चाहिए था।

# कात्रे स्मृति सेवा यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट की समर्पण चल चिकित्साल्य सेवा के तहत संचालित स्व. सदाशिव गोविंद राव कात्रे स्मृति सेवा यात्रा का अंतिम पड़ाव शुक्रवार को आशा निकेतन कुष्ठ कॉलोनी में लगा। राष्ट्रीय सेवा भारती, भारतीय कुष्ठ निवारण संघ और गुलशन कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित यह यात्रा अब 22 शिविरों के साथ संपन्न हुई।

शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक शिव कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि दीन-दुखियों की निःस्वार्थ सेवा मनुष्य जीवन का सर्वोत्तम कर्म है। इस दौरान जिला कुष्ठ निवारण इकाई से डॉ. गौतम भट्टाचार्य और संतोष चौहान भी मौजूद रहे। फाउंडेशन के संस्थापक रवि प्रकाश ने सेवा यात्रा की रूपरेखा और संस्था के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आभार व्यक्त करते कहा कि कुष्ठ बस्तियों में लगातार संवाद और नियमित स्वास्थ्य सेवाएं ही इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है। 16 नवंबर को कोरबा से शुरू हुई सेवा यात्रा ने 10 दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर 22 निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए और शुक्रवार को राजनांदगांव में समाप्त हुई।



#### विभिन्न रोगों का निःशुल्क टेस्ट

शिविर में रक्तचाप जांच, रैंडम ब्लड शुगर टेस्ट, सीबीसी जांच, अल्सर प्रबंधन : सफाई, ड्रेसिंग, माइनर सर्जरी, अनुभवी डॉक्टरों द्वारा परामर्श, निःशुल्क दवाइयों का वितरण, महिलाओं को सेनेटरी पैड, कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों को अल्सर केयर किट प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। फाउंडेशन की चल चिकित्साल्य सेवा वर्तमान में 10 राज्यों की 245 कुष्ठ कॉलोनियों में रह रहे एक लाख से अधिक परिवारों को नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। संस्था के अनुसार यह अभियान समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग तक स्वास्थ्य, सम्मान और नई उम्मीद पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

# छात्रों को दी रोजगारपरक जानकारियां

**राजनांदगांव।** कॉनफ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन पार्रीकला राजनांदगांव में 25 नवंबर को उड़ान अकादमी के सहयोग से एक विशेष करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा और रोजगार के विविध अवसरों से परिचित कराना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देना तथा आत्म विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों का महत्व समझाते कहा कि करियर मार्गदर्शन से युवाओं को सही दिशा मिलती है और वे अपने भविष्य को अधिक सशक्त बना सकते हैं।

इस अवसर पर उड़ान अकादमी से खिलेश्वर रक्सेल ने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री और साहित्य की भूमिका पर प्रकाश डालते बताया कि निरंतर अध्ययन और सही संसाधन करियर निर्माण में अत्यंत सहायक होते हैं। साथ ही किशन साहू और देवेंद्र देवांगन ने सीजीटीईटी एवं शिक्षक भर्ती प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीतियों, समय प्रबंधन और सफलता के लिए आवश्यक कौशलों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।



#### परीक्षा की तैयारी पर मार्गदर्शन

महाविद्यालय से करियर गाइडेंस सेल प्रभारी राधेलाल देवांगन ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी संसाधनों की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष शिक्षा प्रीति इंदोरकर ने शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विजय मणिकपुरी द्वारा किया गया। दिव्या श्रीवास्तव सहित अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिए। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पदाधिकारी सबको साथ लेकर चलें: कमल, पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

नवीन साहू परिक्षेत्र खपरीकला का शपथ ग्रहण कार्यक्रम गत दिवस जिला साहू संघ के संरक्षक कमलकिशोर साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू ने की। विशेष अतिथि हेमंत साहू और अमरनाथ साहू थे।इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने सबको साथ लेकर चलने का आव्हान करते हुए कहा कि नेतृत्वकर्ता के पास यह गुण होना ही चाहिए। पूर्व तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि समाज को समय देने की आवश्यकता है, जितना अधिक समय समाज को पदाधिकारी देगे विकास की गति उतने ही तेजी से आगे बढेगी। पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने सामाजिक नियमावली पर प्रकाश डालते हुए उसका परिपालन करने का आव्हान किया।



#### नियमावली का करें पालन

इसके पूर्व समाज की आराध्य मां कर्मा का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीलू राम साहू के नेतृत्व मे सभी पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर डेरहीन साहू, पूनम साहू, निवेदन साहू, रामप्रकाश साहू, मदन साहू, सुरेन्द्र साहू, सत्यप्रकाश साहू, दयाराम साहू, परमानंद साहू, पिताम्बर साहू, हेमंत साहू, ओमेश साहू, यशवंत साहू, पंचू साहू आदि उपस्थित थे। संचालन परमानंद साहू ने किया।

# परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- छात्रों ने तहसील कार्यालय तक निकाली मौन रैली

डॉ अम्बेडकर विद्यालय में 69 वां महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवंता तूरे के नेतृत्व में मौन रैली निकालकर तहसील प्रांगण पहुंचे जहां डॉ बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। विद्यालय में भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रधानपाठक मनोज गजभिये ने बुद्ध वंदना का पाठ किया। छात्र छात्राओं ने गीत, भाषण, कविता प्रस्तुत किया। इस मौके पर ए ब्राह्मणकर, आर मोहने, एम गजभिए, एस पटेल, टी भावे, डी दुतारा, एच यादव, आर सक्सेना, जे बनाफर, पी बॉम्बडे, पी भास्कर आदि शामिल हुए।



# रामाटोला कॉलेज में एड्स पर हुए विभिन्न आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रानी अवन्तीबाई लोधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामाटोला में एड्स दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति के जितेंद्र जंघेल शामिल हुए। उन्होंने एड्स, एचआईवी से संबन्धित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीमारी लाइलाज है किन्तु जानकारी, जागरूकता से बचाव किया जा सकता है। प्रभारी प्राचार्य आर राम ने कहा कि इस बीमारी से लड़ने के लिए लोगों को साक्षर होना आवश्यक है साथ अंधविश्वास से दूर रहे। इस अवसर पर आ यो जि त भाषण में प्रथम खुमेश चंद्रवंशी, द्वितीय ज्योति सेन, नारा लेखन में प्रथम दीपिका कंवर, द्वितीय पूर्णिमा साहू, निबंध में प्रथम ज्योति सेन, द्वितीय टिकेश्वरी साहू, पेंटिंग में प्रथम ईश्वरी पटेल, द्वितीय वेणुका साहू, रंगोली में प्रथम ईश्वरी पटेल, द्वितीय रेणुका रही। अंत में आभार व्यक्त कार्यक्रम प्रभारी डॉ. एमके रंगारी और संचालन डॉ. संगीता रंगारी ने किया। इस दौरान डॉ ज्योतिबाला बरसागड़े, सी लिखार, कुलेश मंडावी, अलखदास, महेशदास साहू, जितेंन्द्र वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सौर ऊर्जा पर वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित

# विज्ञान संकाय ने मनाया बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में शुक्रवार को महान वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। शुभारंभ के बाद अतिथि व्याख्याता प्रिया ठाकुर ने जगदीश चंद्र बोस की जीवनी की जानकारी देते हुए भौतिकी तथा वनस्पति शास्त्र में उनके अविस्मरणीय योगदान को बताया गया।

इस मौके पर सौलर पैनलों के इस्तेमाल के प्रभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक सहायक प्राध्यापक जीके यादव, बेदप्रकाश साहू तथा पुर्वेश बांधव थे।



विषय पक्ष में प्रथम प्रिया पटेल, द्वितीय दीपिका साहू तथा तृतीय गुरप्रीत, विपक्ष में प्रथम ज्ञानेंद्र द्विवेदी, द्वितीय सरस्वती साहू तथा तृतीय स्थान लीना देवांगन ने प्राप्त किया। अंत में सहायक प्राध्यापक ओपी वर्मा ने बताया कि किस प्रकार सौर पैनल सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है। प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने सौलर पैनल के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव को बताया। कार्यक्रम में डॉ गोकुल प्रसाद साहू, डॉ राकेश कुमार, रोशनी राठौर, सुखप्रीत कौर, गौरव तिवारी, देवश्री देवांगन, प्रिया ठाकुर, रामेश्वरी यादव, रोशन कुमार, लक्ष्मीकांत साहू आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन बेदप्रकाश साहू ने किया।

# बच्चों का आधार कार्ड बनाने लगा शिविर

- गांव के बच्चों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

डाक विभाग अं चौकी, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं मोबाईल क्रेचेस संस्था के तत्वावधान में 5 वर्ष आयु तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने शिविर आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत टीम ने गांवों में जाकर शिविर आयोजित किया जिसमें पालकों ने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने तथा अपडेट करवाने रुचि लिया। इसी क्रम में ग्राम मांझीटोला, जोरातराई, केकतीटोला, हांडीटोला, आमाटोला , दुवालगुंडरा, ओटेबांधा, कोटरा, तेलीटोला, झिटिया, मुंजाल के लगभग 70 बच्चों का आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में 100 ग्रामीणों का आधार लिंक, जिला परिवर्तन और अन्य अपडेट किया गया। आयोजन में डाक विभाग के बीपीएम तिरपेमेटा, कुसुमकसा, आमाटोला, जादूटोला, झिटिया, चिल्हाटी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मोबाईल क्रेचेस संस्था की सराहनीय योगदान रहा।



## किसानों की नाराजगी भांपने में चूक, बाद में बहाल हुई कानून व्यवस्था

# चूना-पत्थर खदान के विरोध में 40 गांव, नेताओं की चुप्पी से आक्रोश

### 40 गांव के ग्रामीणों में जबर्दस्त गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संडी चूना पत्थर परियोजना के विरोध में करीब 40 गांवों के हजारों ग्रामीण किसानों में जबर्दस्त गुस्सा है। 11 दिसंबर को होने वाली जनसुनवाई को रद्द करने की मांग को लेकर शनिवार को हजारों किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली। देर शाम छुईखदान में प्रदर्शन इतना उग्र हुआ कि पुलिस जवानों को उल्टे पांव भागना पड़ा। ग्रामीणों को शांत करने पुलिस ने बल प्रदर्शन भी किया। पुलिस और प्रशासन ग्रामीणों की नाराजगी को ठीक से भांप नहीं पाई। लिहाजा कानून व्यवस्था कुछ देर के लिए बिगड़ गई और प्रदर्शन उपद्रव में बदल गया। अच्छी बात यह रही कि काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने हालात को समय रहते नियंत्रित कर लिया।

इस प्रदर्शन में किसान नेता सुदेश टीकम भी पहुंचे थे जबकि पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, सुधीर गोलछा, लुकेश्वरी जंघेल, कामदेव जंघेल, श्रवण जंघेल, दशमत जंघेल, गुलशन तिवारी समेत अन्य प्रमुख नेताओं ने इस आंदोलन की अगुवाई की। बुंदेली चौक से रैली की शुरुआत हुई, जो उदयपुर होते हुए छुईखदान की सीमा से लगे आमगांव चौक तक ग्रामीण ट्रैक्टर्स से पहुंचे। उसके बाद जिले के पुलिस बल और एसपी लक्ष्य शर्मा की मौजूदगी में ग्रामीण पैदल छुईखदान एसडीएम कार्यालय पहुंचे। करीब साढ़े तीन बजे प्रदर्शनकारी छुईखदान पहुंच चुके थे। एसडीएम को जनसुनवाई रद्द करने की मांग से अवगत कराते हुए ग्रामीण कलेक्टर से सीधे बात करने की मांग करने लगे लेकिन कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल मौका स्थल नहीं पहुंचे। इससे नाराजगी बढ़ गई और शाम ढलते तक लोगों की नाराजगी उग्र होने लगी। ग्रामीण अपने नेतृत्वकर्ताओं की बात सुनने को राजी नहीं हुए हालात को शांत करने व गुस्साई भीड़ को शांत करने अपनी बात पहुंचाने मौका स्थल पर माइक की व्यवस्था नहीं हो सकी।






### 404 हेक्टेयर में मात्र 30-40 हेक्टेयर सरकारी जमीन

प्रोजेक्ट में 404 हेक्टेयर जमीन चिन्हांकित की गई है जिसमें मात्र 30-40 प्रतिशत जमीन ही सरकारी है बाकी किसानों की कृषि जमीन है। पूरा क्षेत्र कृषि के लिए उपजाऊ जमीन है। किसानों की यह चिंता है कि सीमेंट फैक्ट्री खुल गई तो प्रदूषण बढ़ेगा जिसका दुष्प्रभाव उनकी उपजाऊ जमीन पर पड़ेगा। धीरे से कृषि से मिलने वाला रोजगार उनसे छिन जाएगा। कई किसान भूमिहीन हो जाएंगे जिससे उन्हें पलायन या मजदूर बनने विवश होना पड़ेगा वही इस बात की भी ज्यादा चिंता है कि उन्हे प्रशिक्षित ना बताकर कंपनी बाहरी प्रदेश से मजदूर बुलाएगी जो यहाँ बसेंगे तो पूरे इलाके की शांत छवि भी प्रभावित हो जाएगी।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

शाम ढलने के साथ ही माहौल उग्र हो गया। गुस्साएं पुलिस के बेरीकेट्स को पटकने लगे। पुलिस ने उन्हे रोकने की तमाम कोशिश की लेकिन हालात अचानक नियंत्रण से बाहर हो गया। ग्रामीण पुलिस की ओर बढने लगे। देखते ही देखते ही उपद्रव की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस खुद असुरक्षित महसूस करने लगी और ग्रामीणों को देखकर भागने लगी। अच्छी बात यह रही कि पुलिस ने पलटकर कार्रवाई की उपद्रवियों को शांत कराया। आखिरकार छुईखदान में कुछ देर के लिए बिगड़ी कानून व्यवस्था कुछ ही देर मे दुबारा बहाल हो गई।

### तात्कालीन कांग्रेस सरकार ने दिया था ठेका

जिले के छुईखदान ब्लाक में सीमेंट बनाने लायक चूना पत्थर मिला है। इसके लिए खनिज विभाग 404 हेक्टेयर जमीन चिन्हांकित की है। इसके दायरे में ग्राम पंडरिया, विचारपुर, संडी, बुंदेली और भरदागोंड गांव आ रहा है। राज्य में जब कांग्रेस की सरकार थी तब 9 दिसंबर 2022 में खनिज विभाग ने इस क्षेत्र से चूना पत्थर निकालने टेंडर जारी किया। टेंडर में 25.05 प्रतिशत उंची बोली लगाने पर मेसर्स श्री सीमेंट लिमिटेड को यह टेंडर मिल गया। इसके उपरांत श्री सीमेंट कंपनी अपफ्रंट पेमेंट का 20 प्रतिशत की प्रथम किश्त 22 मई 23 को आठ करोड़ 52 लाख 57 हजार 202 रुपए खनिज विभाग में जमा कर दिया जिसके बाद श्री सीमेंट को संडी चूना पत्थर ब्लाक में खनन के लिए लीज पर दे दिया गया है। इससे संडी मे साढ़े चार हेक्टेयर, विचारपुर मे 185 हेक्टेयर,पंडरिया मे 164 हेक्टेयर, बुंदेली मे 50 हेक्टेयर और भरदागोंड मे डेढ़ हेक्टेयर जमीन में खुदाई होगी।

# सीमेंट प्लांट विवाद, आम आदमी पार्टी ने की जांच कमेटी गठित

### जनसुनवाई की अनुमति देना दुर्भाग्यजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में श्री सीमेंट लिमिटेड की प्रस्तावित संडी चूना पत्थर खदान परियोजना के खिलाफ 40 गांव के लोगों के विरोध को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने प्रदर्शनकारियो पर लाठी चार्ज की निंदा करते हुए कहा कि मामले में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का घायल होने के बावजूद सरकार द्वारा 11 दिसंबर को जनसुनवाई की अनुमति देना दुर्भाग्यजनक है।

जब प्रभावित गांवों ने पहले ही सामूहिक रूप से परियोजना का विरोध जता दिया है तो जनसुनवाई कराने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। जानकारी मिली है कि क्षेत्र में कंपनी के एजेंट गांव वालों से फर्जी तरीके से समर्थन में हस्ताक्षर करवा रहे हैं जिसका लोगों ने विरोध किया है। सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी है।

आम जनता की मांगों को सरकार अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच हेतु आम आदमी पार्टी की ओर से 10 सदस्य जांच समिति समिति गठित की गई है, जो सम्बंधित 40 गांव के लोगों से मिलकर उनकी मांगों और विरोध की धरातल पर जांच करेगी।

### आंदोलन की दी चेतावनी

प्रदेश सचिव पवन चंद्रवंशी के नेतृत्व में संजीत विश्वकर्मा, देवेंद्र सिंह भाटिया, भूपेश तिवारी, मनोज गुप्ता, राजेंद्र सोनी चित्रा गुरुदेव, अजय सिंह ठाकुर, श्याम मूर्ति नायडू और कमलेश स्वर्णकार को जांच समिति के सदस्य बनाया गया है। उत्तम जायसवाल ने कहा कि यह परियोजना जलस्रोतों, बोरवेल रिचार्ज, कृषि उत्पादन और पशुपालन के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगी साथ ही खेती, पर्यावरण और ग्रामीण आजीविका को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। आम आदमी पार्टी नेचेतावनी दी है कि यदि प्रस्तावित जनसुनवाई को रद्द नहीं किया जाता है तो पार्टी समस्त ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।

## सीईओ ने की योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा

राजनांदगांव। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिले के सभी सब स्टेशनों में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता विद्युत मंडल के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है। योजना अंतर्गत जिले को आगामी दो माह में लगभग 5000 कनेक्शन का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाना है। जिला पंचायत सीईओ ने विद्युत मंडल के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित वेंडर को समिति गठित कर ग्रामीण क्षेत्रों में सौर सभा का आयोजन कर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने तथा योजना से लाभान्वित हेतु प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले रहे उपभोक्ताओं को भी सौर सभा में आमंत्रित करने कहा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कार्य में रूचि नहीं लेने वाले वेंडर्स पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, लीड बैंक अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व स्थानीय समुदाय में एचआईवी एड्स के प्रति सही जानकारी, जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला से हुई। जिसमें "स्वास्थ्य ही सुरक्षा" का संदेश दिया गया। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने एड्स रोकथाम से संबंधित जागरूकता, सावधानियों और सामाजिक जिम्मेदारी पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों का विकास करते हैं। जागरूक युवा ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने पारींकला गांव जाकर एड्स जागरूकता रैली निकाली एवं दीवारों पर जागरूकता स्लोगन लिखे। जिससे ग्रामीण समुदाय में भी प्रभावी संदेशों का प्रसार हो सका।

एनएसएस प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि जागरूकता ही एड्स के खिलाफ सबसे मजबूत ढाल है, जब युवा आगे आते हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य आता है। समाज में एड्स के प्रति सही जानकारी पहुंचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। आज विद्यार्थियों ने इस जिम्मेदारी को उत्साह के साथ निभाया। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी ने भी इस संयुक्त पहल में सामाजिक उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता और सामुदायिक सहयोग की भावना को मजबूती प्रदान की तथा स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावशाली संदेश स्थापित किया। कार्यक्रम में छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। जिससे आयोजन और भी प्रभावी एवं परिणामकारी बन गया।

# तीरंदाजी स्पर्धा में पहुंचे उपमुख्यमंत्री साव, खिलाड़ियों का किया सम्मान

### अच्छा तीरंदाज बनने ध्यान, एकाग्रता और धैर्य आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव आज यहां विभिन्न आयोजन में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान शहर के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में संस्कारधानी तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल होकर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर में प्रशिक्षण ले रहे तीरंदाजी के खिलाड़ियों के बीच हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शामिल होते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि यह खेल अनुशासन और एकाग्रता का खेल है। अच्छा तीरंदाज बनने के लिए ध्यान, एकाग्रता, अनुशासन और धैर्य काफी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में हर प्रकार की समस्या से लड़ने की ताकत इसी से मिलती है।



### खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

तीरंदाजी प्रतियोगिता में पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिता में मेडल हासिल करने वाले तीरंदाजी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इस आयोजन अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, रामजी भारती, कमल किशोर साहू, सचिन सिंह बघेल, रमेश पटेल, शिव वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

### हॉकी की तरह तीरंदाजी में भी होगा नाम

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों की तरक्की और विकास की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यहां के तीरंदाजी खिलाड़ियों की सराहना करते कहा कि यहां के खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं, जो लगातार मेडल जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राजनांदगांव का नाम जैसे हॉकी में है, वैसे ही तीरंदाजी के क्षेत्र में भी होगा।

# अध्यापन छोड़ शिक्षक कुत्तों के सर्वे में व्यस्त : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के मूल अधिकार को वर्तमान शासन की नीतियाँ कमजोर कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त शिक्षकों को कक्षा से हटाकर कुत्ता निगरानी, एसआईआर रिपोर्टिंग, विभिन्न सर्वे, प्रशासनिक कार्यों और चुनावी ड्यूटी में झोंक दिया गया है।

मनराखन देवांगन ने कहा कि जब शिक्षक लगातार गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में उलझे रहेंगे तो सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता गिरना स्वाभाविक है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और यह स्थिति दर्शाती है कि सरकार खुद सरकारी विद्यालयों के कमजोर होने का रास्ता तैयार कर रही है जिससे निजी स्कूलों को बढ़ावा मिलता रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चे समय पर पहुंचते हैं लेकिन शिक्षक कक्षा में कम और प्रशासनिक दायित्वों में अधिक दिखते हैं। वहीं निजी स्कूल मनमानी फीस, ड्रेस और अन्य मदों के नाम पर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं और सरकार इस पर धृतराष्ट्र की तरह मौन है। यह व्यवस्था बच्चों को शिक्षा से दूर कर रही है तथा समाज को अशिक्षा की ओर ठेल रही है।

### सरकार जनता को उलझा रही है

श्री देवांगन ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय जैसे बुनियादी मुद्दों पर अब तक कोई ठोस काम नहीं कर पाई है। सरकार जनता को दिखावे के वादों में उलझा रही है जबकि संविधान का स्पष्ट निर्देश है कि राज्य गुणवत्तापूर्ण एवं समान अवसरों वाली शिक्षा उपलब्ध कराए। उन्होंने मांग की कि सरकार अविलंब शिक्षकों को सभी गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करे, शिक्षा नीति की व्यापक समीक्षा करे और संविधानसम्मत शिक्षा व्यवस्था को पुनर्स्थापित करते हुए बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाए।

# कुलपति ने लिया जैन मुनि से आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जैन मुनि अरविंद जी के शहर प्रवास दौरान इन्दिरा कला संगीत विवि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने उनसे सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया। शॉल भेंट कर का सम्मान बाद मुनि से उन्होने समाज कल्याण, शिक्षा और संस्कृति से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। कुलपति लवली शर्मा ने संत मुनि को अपने शैक्षणिक व सामाजिक कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वे विश्व की प्रथम महिला सितार वादक हैं और म्यूजिक थेरेपी के माध्यम से जेल में बंद कैदियों के मानसिक उपचार में महत्वपूर्ण योगदान दे चुकी हैं। संगीत विषय पर उनकी 12 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनका लाभ विवि के छात्र-छात्राएँ भी प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में वे विवि को सुदृढ़ शैक्षणिक और सांस्कृतिक दिशा प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। जैन



मुनि अरविंद जी ने कुलपति के कार्यों की सराहना करते हुए समाज हित में किए जा रहे प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने विवि के निरंतर उन्नयन और प्रगति की शुभकामनाए देते हुए कुलपति को पुस्तक और शॉल भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी, वित्त अधिकारी हर्षल चंद्रवंशी और सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

### भुरसाटोला में समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# दुबेलिया तेली साहू समाज का सम्मान समारोह, विक्रांत सिंह ने दिए 5 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भुरसाटोला में दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा आयोजित छात्र छात्रा सम्मान समारोह, युवक युवती परिचय सम्मेलन और रंगोली प्रतियोगिता जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्ष केंद्रीय दुबेलिया तेली साहू समाज अध्यक्ष शिवकुमार साहू और विशिष्ट अतिथि खम्हन ताम्रकार व जनपद सदस्य हेमकल्याणी तोड़े थे। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि दुबेलिया साहू समाज शिक्षा, रक्तदान व सामाजिक आयोजनों में पूरे प्रदेश में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। समाज को एकजुट रूप से आगे ले जाना बड़ी जिम्मेदारी है जिसके लिए सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं।



इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मदन साहू, भावेश कोचर, नरेश कुर्रे, रामसुख साहू, धनऊ राम साहू,सतपाल साहू, दुजराम साहू, दुजेराम साहू, रामकुमार जोशी, बृजलाल साहू, खेमचंद साहू, जगतु राम साहू, केशव राम साहू, सीआर साहू, संतोषी मदन साहू, अशोक साहू, मनीष साहू, उमेश साहू, डॉ मोरध्वज साहू, मनोहर साहू, नंदू साहू सहित पदाधिकारी व सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### समाज में होने वाले कार्यक्रमों की सराहना

भुरसाटोला की लंबे समय से लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने जानकारी दी कि छुईखदान ब्लॉक के श्यामपुर में बोर खनन का कार्य विक्रांत सिंह के सहयोग से हुआ है। सांसद संतोष पांडेय द्वारा समाज भवन के लिए 4 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। खम्हन ताम्रकार ने समाज की एकता और नियमित रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि समाज शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में अपनी विशेष पहचान रखता है। कार्यक्रम मे समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर विधायक ने अंबेडकर प्रतिमा पर की पुष्पांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर आज विधायक यशोदा वर्मा ने अंबेडकर चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संविधान की आत्मा समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व का जीवंत दर्शन है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत, कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ आजीवन संघर्ष कर एक लोकतांत्रिक और समतामूलक भारत की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और प्रस्तावना के आदर्शों को अपने आचरण और जीवन में उतारें। संविधान के प्रति सम्मान ही राष्ट्र को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाता है। इस दौरान नीलांबर वर्मा, मनराखन देवांगन, अशोक साहू, संतोष वर्मा, संदीप सिरमौर, अनुराग तुरे, अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, चंदन वर्मा, नरेन्द्र सेन, दीपक देवांगन, ओम साहू, गोलू पाल, ब्लॉक अध्यक्ष, सोनू ढीमर, दिनेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## विक्रांत ने किया महतारी सदन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक के ग्रापं बुंदेली में 30 लाख की लागत से बनने वाले महतारी सदन का जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जोरदार स्वागत सम्मान बाद मंत्रोच्चारण साथ महतारी सदन निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।

मंचीय कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि महतारी सदन गांव की महिलाओं के लिए बैठक, चर्चा और विभिन्न गतिविधियों के संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। महतारी सदन की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेय का आभार जताया। चर्चा दौरान महिलाओं ने बताया कि प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत उनके खाते में हर महीने एक हजार रुपया मिल रहे हैं, जिससे वे काफी खुश हैं। महिलाओं ने कहा कि महतारी सदन निर्माण पूरा हो जाने पर उनकी खुशी दुगुनी हो जाएगी। इस दौरान जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, भावेश कोचर, बलराम जंघेल, दीना जंघेल, अशोक पाल, दिवाकर सोनी, रोशन चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### महापौर ने किया चिखली स्कूल मैदान का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव वार्ड निरीक्षण की कड़ी में शनिवार को चिखली स्कूल मैदान का नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे के साथ निरीक्षण कर खिलाड़ियों से चर्चा कर खेलकूद के लिए मैदान को ठीक कर अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान खिलाड़ियों ने महापौर यादव से मैदान की समस्या से अवगत कराया। महापौर यादव ने मैदान समतलीकरण सहित गेट मरम्मत, बाउंड्रीवाल की पोताई, शौचालय मरम्मत करने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया।



### 14 को चिखली में विशाल हिंदू सम्मेलन

**राजनांदगांव।** चिखली स्थित सर्व समाज मांगलिक भवन मैदान में आगामी 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए बैठकों का दौर जारी है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राघव वर्मा एवं सह-संयोजक मुरली सिंह भारद्वाज (सेवानिवृत पुलिस अधिकारी) द्वारा चिखली बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन के निमित्त जनसंपर्क अभियान एवं बैठक आयोजित की गई एवं नगरवासियों से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में संत समाज का आशीर्वचन और मार्गदर्शन, मातृशक्ति द्वारा महिला चेतना जागरण, सर्व हिंदू समाज, सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता एवं हिंदू समाज को नई दिशा एवं ऊर्जा प्रदान करेगा। हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह अतुल का उद्बोधन समस्त नगरवासियों को प्राप्त होगा। संत समाज ने सभी को सपरिवार सम्मेलन में आने का आह्वान किया है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पवन डागा, उपाध्यक्ष सतीश सोनी, रुपाली गांधी, श्री पट्टा, सचिव नीरज बाजपाई, सह सचिव रितु शर्मा एवं निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष नरेश पटेल हैं।



### विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** विश्वव्यापी एड्स-डे के अवसर पर संस्कार सिटी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की आधिकारिक थीम थी "रुकावटों पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना"। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व समाज में एच-आईवी/एड्स से संबंधित जानकारी, सहानुभूति, समझ और समावेश बढ़ाना तथा कलंक को मिटाना था। स्लोगन प्रतियोगिता में छात्रों ने एड्स जागरूकता व सुरक्षित जीवनशैली पर रचनात्मक व प्रभावी स्लोगन प्रस्तुत किए। लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एड्स जागरूकता और समर्थन को दर्शाने वाले लोगो बनाए। लेखन व निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने एच-आईवी/एड्स, इसके सामाजिक पहलू, जागरूकता और रोकथाम के तरीके आदि पर निबंध लिखे, रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने लाल रिबन का प्रतीक बनाकर, एकता, समर्थन और जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. टी. कुमार ने कहा कि "एड्स के प्रति जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

### आरोपियों को संरक्षित कर रही सरकार- रूपेश

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं छग प्रदेश कांग्रेस लीगल सेल के महामंत्री रूपेश दुबे ने भाजपा सरकार पर आरोप



लगाते कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में जिला कार्यालय के एनआईसी से पटवारी हड़ताल अवधि में आईडी हैक कर फर्जी नामांतरण के आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक ना होने, 19 दिन में 5 करोड़ से अधिक का अवैध धान जब्त करने के बाद अपराध दर्ज न कर संलिप्त वाहनों को राजसात नहीं किया जाना, किसान दिवस के सरकारी आयोजन सुरगी में अनुसूचित जाति वर्ग की शासकीय महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार के आरोपी को एफआईआर के बाद भी गिरफ्तार न करना, इसी प्रकार रजिस्ट्री ऑफिस में रामपुर की धनहा भूमि को पड़त बताकर भूमि में महुआ जैसे फलदार वृक्ष लगे होने के बाद भूमि को वृक्षविहीन दर्शाकर रजिस्ट्री पेपर तैयार करना और रजिस्ट्री के दिन रजिस्ट्री तारीख के बाद की तारीख के चेक का रजिस्ट्री में लिखे जाने का खेल चालू हो गया है। श्री दुबे ने कहा कि ग्राम गठुला के मुख्य मार्ग में अवैध अतिक्रमण का मामला एसडीएम कोर्ट से अपील खारिज होने के एक साल बाद भी नहीं हटाया जाना पूरी तरह अवैध कार्य के साथ ही अपराध को बढ़ावा देने वाला कृत्य है।

### डिपो प्रांगण में पौधरोपण

**राजनांदगांव।** वन परिक्षेत्र राजनांदगांव के उप वन परिक्षेत्र डोंगरगांव के डिपो प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें आम, जामुन,



बादाम, काजू, अमरूद आदि के पौधों का वृक्षारोपण जन प्रतिनिधियों, समाजसेवियों द्वारा किया गया। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, नगर पंचायत डोंगरगांव के पार्षद राजा जैन, पद्मिनी ठाकुर एवं अन्य गणमान्य नागरिक एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी केएन नोनहारे, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी डोंगरगांव विनोद मिश्रा, बीएफओ रिंकी वैष्णव, विजय लक्ष्मी ताराम, भारती साहू, एकता शर्मा, सुमन उर्वशा, पंकज निर्मल, एवं अन्य स्टाफ डोमार सिंह ठाकुर, विशाखाबाई वैष्णव, कुंती साहू, विजय दुबे आदि उपस्थित रहे।

### स्टॉम्प ड्यूटी बढ़ाने प्रदेश सरकार ने मचाई लूट

**राजनांदगांव।** प्रदेश सरकार द्वारा जमीन की सरकारी दरों में लगभग 800-900 गुना इजाफा करने और इससे लाखों की स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाए जाने को



लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमलजीत सिंह पिंटू ने प्रदेश सरकार को इस मुद्दे पर घेरते कहा कि भाजपा की साय सरकार छत्तीसगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर हो चुकी है। चुनावी घोषणा पत्र में किए वादे को पूरा नहीं कर पा रही है, इसलिए बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, जमीन की दरों से स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। सरकार ने अचानक जमीनों की सरकारी कीमत 10 से 100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। नियमतः देशभर में जमीन की गाईड लाइन दर एक बार में 10 से 15 प्रतिशत ही बढ़ाई जाती है। 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख स्टाम्प ड्यूटी लगेगी। कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क और जमीन की कीमत एक बराबर है। ऐसे में गरीब आदमी मकान कैसे बनाएगा। कर्ज लेकर मकान बनाने जमीन खरीदने वालों को जमीन के साथ रजिस्ट्री शुल्क के लिए भी कर्ज लेना पड़ेगा।

## किसान बैईठका में पहुंचे पूर्व सीएम ने भाजपा सरकार को घेरा

# अडानीगढ़ हो गया छत्तीसगढ़: भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर जिले के कोरचाटोला में आयोजित किसान बईठका में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों किसान और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति में माल्यार्पण कर मांदरी की पारंपरिक नृत्य के साथ भूपेश बघेल का स्वागत किया गया।

भाजपा सरकार के दो साल के दौरान किसानों को खेती किसानी में हो रहे दिक्कतों के संबंध में किसानों से खुली बातचीत करने भूपेश बघेल पहुंचे थे, जहां क्षेत्र के विधायक इंद्रशाह मंडावी, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, नवाज खान, जिलाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर सहित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ बातचीत की। सभा को जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने भी संबोधित करते एक स्वर में सभी ने भूपेश सरकार में किए गए विकास कार्यों को गिनाया।

किसान बईठका को संबोधित करते पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा कि विष्णु शासनकाल में कोयला अदानी, लोहा अदानी, एयरपोर्ट्स अदानी, रेलवे अदानी ये छत्तीसगढ़ नहीं अदानीगढ़ हो गया है।

कोरचाटोला के बच्चों ने शिक्षक की मांग किया, उसे लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम किया। जिसमें शिक्षा की प्रकाश एवं शिक्षक की मांग को लेकर चक्काजाम पर भाजपा सरकार ने इन्हें जेल में डाल दिया। श्री बघेल ने मतदाता गहन पुनरीक्षण पर भी सरकार को आड़े हाथों लेते कहा कि बच्चे शिक्षक को ढूंढ रहे है, शिक्षक मतदाता को ढूंढ रहे और मतदाता अपने परिवार को ढूंढ रहा है। आज-कल भाजपा शासन शिक्षकों को कुत्ता की गिनती करने का कार्य भी दिया है। राशन कार्ड में भी ई-केवायसी करा रहे है।

जिसमें लगभग 30 लाख कार्ड अब कट जाएंगे। किसानों को एग्रीस्टेक करा रहे है। जिसमें किसान परेशान है। रकबा और खसरा में फेर कर रहे है, अनावरी में रकबा काट दिए हैं। किसान परेशान होकर गला काट रहे हैं, यहां फिर से 15 साल के भाजपा सरकार का पुनरावृत्ति हो रहा है। कार्यक्रम में संजय जैन, शेश्वरी धुर्वे, देवानंद कौशिक, विमल साहू, प्रकाश गजभिये, बस्तर सलामे, पन्ना मेश्राम, दादू शिंदे, नीलिमा ठाकुर, कबीर दास फुलकौरे, नादिर भाई खेतानी, विकास, विद्या ताम्रकार, राजकुमारी सिन्हा, रितेश मेश्राम सहित ग्रामीण एवं किसान साथी उपस्थित रहे।




#### सट्टा के नाम पर बेटे को भेज दिया जेल

करोड़ों रुपए हेरफेर का आरोप भूपेश बघेल पर लगाया, पर मेरे घर में क्या मिला, बस 33 लाख और मोदी काला धन लाया क्या? नोटबंदी जिसमें एक झटके में पांच सौ और हजार के नोट बंद। मोदी के राज में काला धन रखने वालों का नोट सफेद हो गया, पर आम आदमी का गिने-चुने नोट को जमा करवाकर अन्याय कर दिया।

#### भाजपा शासन में किसान चिंतित: मंडावी

विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार सबसे ज्यादा अन्याय अगर किसी के साथ करती है तो वो किसान साथी है। आज से पहले भी 15 साल तक अगर किसान की खून-पसीना की कमाई को पानी का मोल करने का कार्य अगर किसी ने किया था तो वो भी भाजपा की सरकार थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जब हमारी सरकार थी, तब किसानों के लिए नवा बिहान आया था, जब किसान साथी के मान सम्मान और पसीने की कमाई का एक-एक दाना धान हमारी सरकार खरीदी और सबसे ज्यादा उसका कीमत भी दिया।

#### चक्काजाम में जेल जाने वाले लोगों का सम्मान

शिक्षकों की मांग को लेकर कोरचाटोलावासियों ने 7 जुलाई को चक्काजाम किया था, जिस पर 7 नवंबर को आंदोलन में शामिल लोगों को जेल जाना पड़ा। मोहन मेश्राम, दयाशंकर गंजीर, निमेष साहू, नरसिंह मंडावी, अशोक तिवारी, निलेश लांझेवार, पीतांबर साहू, भाव सिंह तोपसे का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि ये सभी पुलिस द्वारा झूठे मामले में फंसाए गए लोग है, जिन्हें भाजपा सरकार ने जेल की सजा काटने के लिए जबर्दस्ती मजबूर किया था।

## अवैध शराब बिक्री 50 पौवा बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 50 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 दिसंबर को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने कैलाश नगर पावर हाउस पेट्रोल पंप के आगे लखोली रोड में आरोपी कृपेश रजक 25 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से मोपेड में बिक्री हेतु रखे 50 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमती लगभग 4 हजार रुपए एवं मोपेड को जब्त किया गया। पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

ज्ञात हो कि जिलेभर में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री एवं नशीले पदार्थों की बिक्री के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है।

## मेडिकल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व एड्स दिवस पर पेंड्री स्थित भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज सह-अस्पताल में बीते दिनों एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में 3 दिन की रूपरेखा तैयार की गई है।

आयोजन का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पंकज मधुकर लुका, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर राव देशकर, हॉस्पिटल के सहायक अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी, जिला एड्स नियंत्रण सोसायटी की नोडल अधिकारी अल्पना लूनिया, गायनिक विभाग के एचओडी डॉ. मीना आर्मो और पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने वाले मेडिसिन विभाग एचओडी डॉ. नवीन तिर्की और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रकाश खूंटे की आसंदी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एड्स के बचाव को लेकर विशेषज्ञों ने अपना अपना संबोधन दिया।

वहीं एड्स के बचाव और एड्स को लेकर फैल रही भ्रांतियों को कैसे दूर करें, इसे लेकर एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। नाटक में जहां अकबर के किरदार में डॉ. प्रकाश खूंटे, वहीं



महारानी जोधाबाई के किरदार में अश्वनी सिस्टर ने रोल प्ले किया। नाटक में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं की भूमिका भी काबिले तारीफ रही। पर्दे के पीछे की भूमिका में मेडिसिन विभाग के डॉ. लक्की का योगदान सराहनीय रहा। राजनांदगांव के एआरटी सेंटर में अभी तक 2500 से अधिक एचआईवी पेशेंट पहुंच चुके है, जिन्हें शासन की गाईड लाइन के हिसाब से निःशुल्क दवाइयां, जांच इत्यादि की सुविधाएं दी जा रही है। जिले के अलावा मानपुर, मोहला, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, महाराष्ट्र व कवर्धा जिले के लोग पहुंचकर लाभ ले रहे हैं। एआईटी सेंटर के बेहतर कार्य को देखते कार्यक्रम में एआरटी सेंटर की काउंसलर भारती सिमनकर, स्टाफ नर्स धर्मशिला और लैब टेक्नीशियन खिलेश साहू को सम्मानित किया गया।

## स्पीच थैरपी शिविर का आयोजन 12 को

**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक स्थित तिरूपति काम्प्लेक्स में 12 दिसंबर को एक ऐसा आयोजन होने जा रहा है, जो मानवीय संवेदनाओं की गहरी छाप छोड़ता है। प्रतिष्ठित समाजसेवी दिवंगत देवकरण राठी की स्मृति में आयोजित इस निःशुल्क स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन क्लास का उद्देश्य है, उन मासूम आवाजों को स्वर देना, जो बोल नहीं पाते या हकलाहट-तुतलाहट के कारण खुद को व्यक्त नहीं कर पाते हैं। गौरतलब है कि इस विशेष पहल में स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटर श्रीमती रजनी राठी अपनी सेवाएं निःशुल्क प्रदान करेंगी। वे वर्षों से ऐसे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है, जो बोलने में कठिनाई का सामना करते हैं। यह क्लास सुबह 11 से शाम 4 बजे तक अनेक परिवारों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने वाली है।

## राजनांदगांव में शुरू होगी दूसरी आरएफएल फुटबॉल लीग स्पर्धा

- 1 से 10 जनवरी तक होगा रोमांचक मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी में फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक बार फिर बड़ी सौगात मिलने जा रही है। राजनांदगांव फुटबॉल लीग (आरएफएल) 2026" का आयोजन आगामी 01 से 10 जनवरी तक स्टेट हाईस्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में किया जाएगा। यह फ्लड लाइट 7-ए-साइड फुटबॉल लीग का दूसरा वर्ष है। जिसमें जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का शानदार अवसर मिलेगा।

#### ईनाम राशि ने बढ़ाया उत्साह

आयोजकों के अनुसार प्रथम पुरस्कार 71,000 रुपए एवं विजेता कप। जबकि द्वितीय पुरस्कार 41,000 रुपए एवं विजेता कप रखा गया है। इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द टूर्नामिंट, गोल्डन बूट, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट स्ट्राइकर और बेस्ट डिफेंडर जैसी कई आकर्षक व्यक्तिगत श्रेणियों में भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

#### नीलामी व पंजीयन की तिथियां घोषित

टीमों की नीलामी 14 दिसंबर 2025 को होगी। जबकि खिलाड़ियों का पंजीयन 8 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। फ्रेंचाइजी शुल्क 25,000 रुपए एवं खिलाड़ी पंजीयन शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि केवल राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले के खिलाड़ी ही इसमें पंजीयन कर सकेंगे।

#### 12 फ्रेंचाइजी और 150 से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

इस टूर्नामेंट में कुल 12 फ्रेंचाइजी और 150 से अधिक खिलाड़ी भाग लेने जा रहे हैं। आयोजन को लेकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं खेलप्रेमी भी बड़ी संख्या में दर्शक के रूप में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। मैचों का सीधा प्रसारण यूट्यूब लाइव पर भी किया जाएगा, ताकि बाहर के दर्शक भी इस लीग का आनंद ले सकें।

## अस्पताल में भोजन हो गुणवत्तापूर्ण लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सोमवार को जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में जीवनदीप समिति कार्यकारिणी की बैठक ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय में साइकिल स्टैंड एवं कैटीन संचालन हेतु टेंडर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में महिला स्वसहायता समूह द्वारा मिलेट्स कैफे प्रारंभ करने कहा।

उन्होंने जिला चिकित्सालय में रिनोवेशन का कार्य 1 जनवरी के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में भोजन गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। बैठक में जिला चिकित्सालय में



हमर लैब में स्थापित विभिन्न जांच हेतु ऑटोएनालाईजर्स एवं चिकित्सालय के वार्डों में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न कंज्यूममेंबल सामग्री क्रय करने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा पांच बिस्तर मनोरोग वार्ड प्रारंभ करने के लिए पुराना पुरूष आर्थों वार्ड का चयन कर उसके उन्नयन कार्य हेतु प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया। बैठक में जेम पोर्टल, जिला चिकित्सालय के मरम्मत कार्य, विभिन्न पदों पर भर्ती सहित अन्य मद्दों पर चर्चा की गई।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 3 दिसंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर यादव ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण, पोट्ठ लईका पहल अभियान, गर्भवती माताओं का पंजीयन, एएनसी एवं संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित सभी योजनाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण को पूर्णतः समाप्त करने सभी अपने दायित्वों को बेहतर तरीके से समय पर पूरा करें। उन्होंने कार्ययोजना बनाकर प्रत्येक ग्राम पंचायत को कुपोषण मुक्त करने कहा। इसके लिए जनसहभागिता से जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने कहा।



#### चिरायु योजना की ली जानकारी

कलेक्टर यादव ने कहा कि मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन एवं हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित करते प्रसव के 15 दिवस पूर्व उन्हें सतत संपर्क करते देखभाल पूर्ण टीकाकरण करना होगा। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाएं हमारे कार्य की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी शिशु एवं मातृ मृत्यु न हो। कलेक्टर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु योजना की जानकारी ली। उन्होंने सभी स्कूलों के बच्चों का शत-प्रतिशत स्वास्थ्य की जांच कराने कहा और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय मदों से विकास कार्यों के लिए बजट स्वीकृति में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में प्रवेश कराने तथा उनका नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने एनआरसी सेंटर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। इसके साथ भोजन की गुणवत्ता और पौष्टिक आहार बच्चों को उपलब्ध कराने कहा। जिससे एनआरसी में भर्ती बच्चे सुपोषण की श्रेणी में जल्दी आ पाएंगे। बैठक के इस दौरान कलेक्टर यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों का शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## अस्मिता हॉकी प्रतियोगिता में पहुंचे डिप्टी सीएम

# हॉकी में बेटियों ने बढ़ाया देश का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उपमुख्यमंत्री अरूण साव रविवार को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर राजनांदगांव में आयोजित अस्मिता हॉकी लीग प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया।

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि अस्मिता हॉकी लीग के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता के यादगार पल में आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि हॉकी देश के महत्वपूर्ण खेल विधाओं में शामिल है और हॉकी खेल में देश की बेटियां बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही है। शासन



द्वारा खेल के क्षेत्र में बेटियों को आगे बढ़ाने विशेष आयोजन किए जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। खेल मंत्रालय सभी राज्यों के साथ मिलकर वर्ष 2047 तक खेलों के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने एवं खेल और खिलाडियों के विकास करने योजना बनाकर कार्य कर ही है। उन्होंने प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

#### साहू सदन में मंदिर जीर्णोद्धार और डोम शेड का लोकार्पण



उपमुख्यमंत्री अरूण साव साहू सदन राजनांदगांव में आयोजित साहू समाज के छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री साव ने साहू सदन परिसर में मां कर्मा मंदिर जीर्णोद्धार और डोम शेड का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, संतोष पांडेय व अतिथियों ने कवर्धा के गौरव पथ निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

# कवर्धा शहर में 10.73 करोड़ के गौरवपथ के निर्माण की रखी गई नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर के विकास को नई ऊँचाई देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज 10 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बहुप्रतिक्षित राजनांदगांव बायपास पिलारी नहर से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना के साथ कवर्धा के विकास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में शहर अब तेज़ी से उस दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां आधुनिक सुविधाएं, सुदृढ़ सड़कें, बेहतर यातायात और सुनियोजित शहरी विकास कवर्धा की पहचान होंगे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गौरव पथ केवल एक सड़क नहीं, बल्कि कवर्धा शहर के भविष्य को गति देने वाला विकास का मार्ग है। लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक बनने वाला यह मार्ग शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगा, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाएगा और शहर की सुंदरता को नई चमक देगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद संतोष पाण्डेय के अथक प्रयासों से गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि कवर्धा शहर में दो आधुनिक चौपाटियों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही भारत माता चौक से समनापुर तक 2 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा को मेडिकल कॉलेज की एक बड़ी सौगात मिली है। कवर्धा के प्राचीन बूढ़ा महादेव परिसर में कांवरिया श्रद्धालुओं हेतु सुविधाओं के निर्माण का कार्य किया जाएगा। भोरमदेव पर्यटन क्षेत्र के उन्नयन हेतु 146 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है स्वच्छता के क्षेत्र में जनसहयोग आवश्यक है। प्रत्येक वार्ड और हर गली को स्वच्छ बनाने के लिए जनजागरण तथा सामुदायिक सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से करे।

## तेजी से हो रहा कवर्धा शहर का विकास-चंद्रप्रकाश



नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि 10 करोड़ 73 लख रुपए के लागत से बनने वाला गौरव पथ रोड विकसित कवर्धा के रूप में कवर्धा शहर की पहचान बनेगी। गौरव पथ के निर्माण से कवर्धा शहर में विकास को नई दिशा मिलेगी। यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि शहर के बुनियादी सुविधाओं को भी सुदृढ़ करेगी। लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ का निर्माण शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पाण्डेय के विशेष प्रयासों से कवर्धा शहर को विकास के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक सौगात मिली है।

### कवर्धा शहर का हो राहा अभूतपूर्व विकासः सासंद संतोष पांडेय

सांसद संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में आज कवर्धा शहर अभूतपूर्व विकास की दिशा में अग्रसर है। शहर में अटल परिसर का निर्माण, हनुमान जी का निर्धारित स्थल, बनने वाली आधुनिक चौपाटी, चमचमाती सड़कों का जाल, तथा मेडिकल कॉलेज को जोड़ने वाला बाईपास—ये सभी कवर्धा के लिए बड़ी उपलब्धियां हैं, जो नई सरकार के गठन के बाद संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज गौरव पथ का भूमि पूजन संपन्न हुआ है, और कल से निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। सांसद पाण्डेय ने कहा कि इस देश और इस क्षेत्र का विकास संयुक्त प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में कवर्धा एक नया इतिहास लिखने जा रहा है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे, जो कवर्धा के स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

# उल्लास साक्षरता की महापरीक्षा में शिक्षार्थियों ने उल्लासपूर्वक लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के 556 साक्षरता केंद्रों में एक साथ राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षार्थियों ने उल्लासपूर्वक भाग लिया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस महापरीक्षा के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने साक्षरता केंद्रों की मॉनिटरिंग की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने आदर्श साक्षरता केंद्र मैनपुरी का निरीक्षण किया जहां निरीक्षण के दौरान 54 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित मिले। सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने आदर्श साक्षरता केंद्र मैनपुरी की व्यवस्था की सराहना की। साक्षरता केंद्र को जहां बहुत ही आकर्षक ढंग से फ्लेक्स, बैनर, रंगोली इत्यादि के द्वारा सजाया गया था, जगह-जगह साक्षरता संबंधी स्लोगन भी लिखे गए थे बच्चों ने भी बड़े बुजुर्गों का स्वागत उत्साह पूर्वक किया। सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण का निरीक्षण भी किया उन्होंने पेयजल व्यवस्था, सड़क, भवन, मध्यान भोजन आदि के बारे में जानकारी दी तथा उपस्थित बच्चों से भी बातचीत के दौरान उन्हे सफलता के सूत्र दिए। वे बच्चों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का त्वरित उत्तर पाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकों की भी उन्होंने बहुत प्रशंसा की। इस दौरान ग्राम प्रभारी प्रधानपाठक श्रीमती रानी शर्मा, सरपंच चेतन धुर्वे, प्राचार्य दीप कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओंकार पटेल, प्रधान पाठक अन्नपूर्णा चंद्रवंशी, सीएसी भागवत कौशिक, प्रियंका तिवारी, रूबी शर्मा, उपस्थित थें।

# किसान धान खरीदी में उलझे, हमाली-पलटी खर्च को लेकर असमंजस बरकरार

- शासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग तेज।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ हो चुकी है, लेकिन इस बार किसान कई तरह की उलझनों का सामना कर रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या धान पलटी एवं हमाली के भुगतान को लेकर है। कई खरीदी केंद्रों में किसानों से यह राशि स्वयं देने के लिए कहा जा रहा है, जबकि किसानों का दावा है कि शासन की ओर से यह सुविधा निःशुल्क प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। पंडरिया विकासखण्ड के कई धान खरीदी केंद्रों में हमाली का पैसा लिया जा रहा है और कई धान खरीदी केंद्रों में नही सूत्रों के अनुसार जिन समितियों में विपक्षी दल के नेताओं का प्रभाव अधिक है, वहां किसानों से पैसा नहीं लिया जा रहा और कहा जा रहा है कि हमाली-पलटी का भुगतान शासन स्वयं करेगा। इसके उलट अन्य समितियों में किसान अपनी जेब से भुगतान करने को मजबूर हैं, जिससे उनमें भारी असंतोष है। किसानों का कहना है कि वे बीच मझधार में फँस गए हैं और यह स्पष्ट नहीं कि धान पलटी का खर्च उन्हें देना है या शासन देगा। किसानों ने मांग की है कि शासन तत्काल यह स्पष्ट घोषणा करे कि धान खरीदी केंद्रों में हमाली-पलटी का पैसा कौन देगा। उनका कहना है कि योजनाओं की सही और निष्पक्ष जानकारी किसान तक पहुँचना जरूरी है, ताकि कोई लाभ से वंचित न रहे और न ही अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़े। इस संबंध में जानकारी लेने खाद्य निरीक्षक सचिन मरकाम को फोन किया गया, परंतु उनका मोबाइल नहीं रिसीव हुआ। किसानों ने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि स्थिति स्पष्ट कर किसानों की चिंता दूर की जाए, जिससे खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके और किसी भी स्तर पर भ्रम की स्थिति न बने।

# जिले की सड़कों पर बेरोकटोक दौड़ रही डबल ट्रैक्टर ट्रॉली



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

कबीरधाम जिले में किसान गन्ना की खेती अधिक मात्रा में करते हैं और जब गन्ना की कटाई प्रारंभ होता है तो कई किसान लोग अपने गन्ना डबल ट्राली के माध्यम से सड़क पर खुलेआम चलाए जा रहा है यहां तक की ईटा की गाड़ी भी डबल ट्राली से घर पहुंच कर लाया जा रहा है डबल ट्राली ट्रैक्टर सड़क पर चल रहा है जिससे एक्सीडेंट एवं दुर्घटना होने का डर हमेशा रहता है क्योंकि कबीरधाम जिले की ग्रामीण कई लोग को पता रहता है कि गन्ना वाला गाड़ी है इसलिए दूर से चलते हैं लेकिन जो लोग गन्ना क्षेत्र के नहीं है वह हमेशा धोखा खा जाते हैं और दुर्घटना की शिकार हो जाते हैं लेकिन कई लोग भी डीजल बचाने के चक्कर दो बार आना जाना ना लगे इसलिए एक ही ट्रैक्टर पर डबल ट्राली का उपयोग किया जा रहा है अतः शासन प्रशासन को आगे आकर इस तरह डबल ट्राली आने जाने वाले ट्रैक्टर को रोका जाए ताकि किसी प्रकार की आने जाने वाले दो पहिया वाहन को नुकसान ना हो ताकि दुर्घटना से बचाया जा सके शासन द्वारा ट्रैक्टर ट्राली वाले को जागरूक किया जाए ताकि इस प्रकार का डबल ट्राली ना चलावे जागरूक किया जाए।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलश चन्द्रवंशी ने ग्रामीण अंचलों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी इन दिनों जिला में दौराकर भाजपा के बहुत ही काबिल एवं होनहार व्यक्तित्व को ढूंढ-ढूंढ कर उनसे संपर्क बनाकर पार्टी एवं व्यक्तियों के सम्मान में लगे हुए हैं जो कभी क्षेत्र विशेष में कमान संभाला करते थे इसी कड़ी में विगत दिनों उन्होंने मुकेश ठाकुर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कुंडा से संपर्क कर पार्टी एवं शासन के विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया उन्होंने बताया कि मुकेश ठाकुर के अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा मंडल कुंडा में विभिन्न विकास कार्यों को गति मिला है।

इस कारण भी उनके सम्मान में उनसे मुलाकात की गई कुलेश्वर चंद्रवंशी रुसे भाजपा नेता कभी विधायक प्रतिनिधि हुआ करते थे एवं विधायक के एक इशारे पर पार्टी के हित में कुछ भी सकारात्मक कार्य करने को तत्पर रहे हैं वह पार्टी हित को देखते हुए तत्कालीन समय में विधायक प्रतिनिधि के दायित्व को भी शहर्ष छोड़ दिए इसी कड़ी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी विधानसभा 71 के अंतिम छोर में बसे दुरांचल ग्राम भरेवा पुरन पहुंचे जहां उन्होंने किसान नेता से सम्मानित एवं प्रसिद्ध व्यक्ति यशवंत चंद्राकर से सकारात्मकता पूर्वक मुलाकात कर पार्टी एवं सरकार के विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि वह कभी मोतीराम चंद्रवंशी के कार्यकाल में मिनी विधायक कहलाते हुए पार्टी को तन मन धन देकर आगे बढ़ाया है।



जिसे पार्टी कभी भूल नहीं सकती उन्होंने यह भी कहा कि आप पार्टी के हीरे है आप पार्टी में हीरे की तरह ही जडे रहे हां मैं यह भी मानता हूं की हीरे का कीमत केवल जौहरी ही जान सकता है हर कोई नहीं उन्होंने अपने ग्रामीण दौरे कार्यक्रम में श्रीमती कुंवरिया चंद्राकर भाजपा नेत्री एवं पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कुंडा डीसी चंद्राकर समाजसेवी आदि व्यक्तियों से भी मिलकर पार्टी के प्रभुत्व संपन्न वोट बैंक धारी व्यक्तियों से मिलने का सिलसिला प्रारंभ किया हुआ है जिसमें निश्चित ही ऐसे व्यक्तित्व उभर कर सामने आकर पार्टी को अपना समय देंगे जिसे किसी कारणवश उनके महत्व एवं पार्टी में दिए गए समय एवं समर्पण को भुला दिया गया था कैलाश चंद्रवंशी ने अपने इस छोटे से दौरे कार्यक्रम में यह भी बताया कि हम दल के साथ ही साथ दिल से भी राजनीति करते हैं और आप सभी लोगों से हमारा दिल का नाता है निश्चित ही समय रहते आप सभी लोगों को पार्टी में अहम योगदान निभाते हुए भारतीय जनता पार्टी के लिए ही समर्पण और समय देना है।

## स्कूल में मनाई गई डॉ अम्बेडकर जयंती



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला डबरी में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की ७० वी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक होरीलाल गबेल, शिक्षक संजय चतुर्वेदी, फागुराम साहू, शिक्षिका श्रीमती माया गबेल व शाला के बच्चों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक होरीलाल गबेल ने बताया कि बाबा साहब जन्म १४ अप्रैल १८९१ को हुआ था। बाबा साहब बचपन से प्रतिभाशाली थे। बाबा साहब को बचपन से समाज में व्याप्त अश्पृष्यता कुरीति का सामना करना पड़ा। बाबा साहब मन में निराश नहीं हुए और उन्होंने इस कुरीति को समाप्त करने के दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया और पूरा भी हुआ। उन्होंने आजाद भारत का संविधान अपने टीम के साथ लिखा। इस समिति के वो अध्यक्ष थे। देश के प्रथम कानून मंत्री भी हुए। गबेल ने कहा बाबा अंबेडकर के सामाजिक समरसता के क्षेत्र में किए गए कार्यों को भारतीय समाज कभी नहीं भुला सकता है। इस महापुरुष ने ६ दिसंबर १९५६ को दुनिया को अलविदा कह दिया। शाला परिसर भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जय, बाबा अंबेडकर अमर रहे के नारों से गूंज उठा।

# संध्या ने मेरिट सूची में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा




ग्राम नवापारा कुण्डा निवासी संध्या चंद्राकर बिलासपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में मैरिट लिस्ट में शामिल हुई। अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय सीजी वर्ष 2023-24 एमएससी भौतिक में संध्या पिता बीरेंद्र अधिवक्ता ने मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर माता पिता परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया है। गुरुवार को अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित छठवां दीक्षांत समारोह में महामहिम पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया संध्या चंद्राकर के इस कामयाबी पर माता पिता घर परिवार एवं ईष्ट मित्र व समाज में खुशी व्याप्त है एवं कृष्ण चंद्राकर ने बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी।

## साक्षर बनने नव साक्षरों में दिखा भारी उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के मिडिल स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल को अनपढ़ लोगों को साक्षर बनाने के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया था जिसमें महिलाओं 74 और पुरुष 31 कुल मिलाकर 105 ने परीक्षा दिलाया गया सुबह 10:00 से स्वयंसेविक द्वारा अनपढ़ लोगों को प्रेरित कर साक्षर बनाने के लिए स्कूल केंद्र तक लाया गया और साक्षर बनने के लिए घर से निकलकर परीक्षा दिलाया गया जिसमें काफी उत्सव देखा गया जिसमें प्रभारी नारद साहू प्यासी सर शशिकांत तिवारी सतीश साहू केंद्र अध्यक्ष शिव प्रसाद कोसरिया विवेक शर्मा एवं स्वयंसेवी शिक्षक दिनेश पांडे सुभान गिर गोस्वामी धर्मेंद्र साहू ओम प्रकाश साहू श्रीमती रोशनी शर्मा जितेंद्र साहू मुनि राम साहू उपस्थित थे।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पंडरिया में कार्यक्रम आयोजित

# छात्राओं को बेहतर विकल्प के लिए बताए गए कैरियर निर्माण के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭पण्डरिया



नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पंडरिया में शनिवार 6 दिसम्बर को हौसलों की उड़ान कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोड़ला विकासखण्ड के उच्च माध्यमिक शाला मड़मड़ा में पदस्थ व्याख्याता बीआर वर्मा कैरियर काउंसलर थे। इनके द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के सभी संकाय के छात्राओं को उनकी रुचि, कौशल और मूल्यों के आधार पर सही करियर और शैक्षणिक पथ का चुनाव करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। श्री वर्मा ने छात्राओं को अपने बेहतर भविष्य बनाने के लिए विभिन्न कैरियर विकल्प, प्रतियोगी परीक्षाओं, आनलाइन कोर्स की विस्तृत जानकारी दी। कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर अपने-अपने रूचि अनुसार प्रश्न भी पूछे और सभी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। प्राचार्या श्रीमती एनके एक्का ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों को उनके कैरियर निर्माण एवं समग्र विकास के लिए मार्गदर्शन मिलता है। सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षिका शैल बिसेन ने कार्यक्रम का संचालन किया और कहा कि छात्राएं जानकारी के अभाव में आगे की शिक्षा व नौकरी का चयन उचित समय में नहीं कर पाती हैं। श्री वर्मा ने बहुत ही अच्छे तरीके से छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा दी है जिससे छात्राओं को बेहतर भविष्य बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के समापन पर वर्मा ने कन्या शाला की छात्राओं के धैर्य, अनुशासन एवं बौद्धिक क्षमता की सराहना की। इस कार्यक्रम में उपस्थित मड़मडा स्कूल की व्याख्याता श्रीमती उर्वशी चंद्रवंशी ने भी छात्राओं को प्राइवेट सेक्टर के जांब, इवेंट मैनेजमेंट, डिजाइनिंग जैसे अन्य व्यवसायिक कोर्स की जानकारी दी। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु संस्था के व्याख्याता आरके महरा, सीपी डाहिरे, दुर्गेश वैश्य, मानसिंह यादव, श्रीमती एकता सिंह, संगीता दिवाकर, नीतू केंवट, मंजू भगत सहित सभी का विशेष सहयोग रहा।

# कुण्डा महाविद्यालय में आयोजित किया गया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



नवीन शासकीय महाविद्यालय कुंडा में 4 दिसम्बर 2025 को जनजातीय गौरव माह अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय में रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अलका चंद्राकर एवं समूह, मंजू देवांगन, व प्रकाश साहू एवं समूह ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः बम्लेश्वरी पटेल एवं समूह, पायल निर्मलकर व गायत्री चंद्राकर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईश्वरी धुर्वे जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कवर्धा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर, महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य संतोष धुर्वे, एवं भागवत निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक केशव प्रसाद जायसवाल ने किया। श्री जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत इतिहास संस्कृति, परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम में इनके अद्वितीय योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करना है। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आदिवासी वीर नायकों, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह एवं रानी दुर्गावती ने न केवल अपने समाज को जागरूक किया बल्कि, देशव्यापी आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, जनजातियों की जीवनशैली प्रकृति के निकट होती है।

खबर संक्षेप

## दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**कवर्धा।** जिले के वनांचल ग्राम कुई के कन्या आश्रम में अधीक्षिका द्वारा नाबालिक छात्रा के साथ किए गए अत्याचार पर शहर महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रानू दुबे ने कार्यवाही की मांग की है। उन्होने जारी बयान में कहा कि कन्या आश्रम शिक्षा का मंदिर है या गुलाम खाना, जहां बच्चियों को पढ़ाया लिखाया जाना चाहिए वहां गुलामी की जंजीर बांध दी जाती है, मनाही या विरोध करने पर क्या इस तरह से पिटाई की जानी चाहिए। उन्होने आरोप लगाते हुए कि इस घटना ने फिर से साबित कर दिया कि इस साय सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# कवर्धा जिला अस्पताल में अब तक 771 मरीजों को मिला सीटी स्कैन सुविधा का लाभ

- उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार मिल रहा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत कवर्धा के लोगों को सर्वोत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत जिला अस्पताल में क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सिटी स्कैन मशीन की स्थापना की गई। सिटी स्कैन मशीन से अब तक 771 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। इस संबंध में कबीरधाम के जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू ने बताया कि पहले कवर्धा में किसी की आकस्मिक दुर्घटना हो जाती थी तो सिटी स्कैन के अभाव में उसकी तुरंत जांच ना होने से पूर्ण उपचार प्राप्त नहीं हो पाता था, चिकित्सक भी मजबूर होकर मरीज को रायपुर या दुर्ग जैसे बड़े शहरों के लिए रिफर कर दिया करते थे। जिससे समय और धन दोनों की भारी हानि होती थी। अब सिटी स्कैन की सुविधा होने से लोगों को जिले में ही उपचार संभव हो पाता है। कवर्धा के लघान गांव के निवासी त्रिलोक चंद्रवंशी ने बताया की जब सिटी स्कैन सुविधा नहीं थी तो हमें इलाज के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों को जाना पड़ता था, वहां रहने और खाने की समस्या के साथ बहुत महंगे सिटी स्कैन जांच को कराना पड़ता था। जिससे कोई आकस्मिक घटना हो जाने पर हम पर बहुत ज्यादा आर्थिक बोझ पड़ जाता था, इलाज में कई लोगों को अपनी पूरी संपत्ति तक लगानी पड़ जाती थी। अब उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सहयोग से जिला अस्पताल में ही अत्याधुनिक जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहीं हैं साथ ही अगर रायपुर जैसे बड़े शहर में उपचार कराना होता भी है तो कवर्धा सदन में निःशुल्क रहने और खाने की व्यवस्था भी हो जाती है। जिसके लिए हम शासन और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आभारी हैं।




### प्रतिमाह निःशुल्क कैसर स्क्रीनिंग कैम्प का किया जा रहा है आयोजन

उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई 2025 को इस सुविधा का शुभारंभ जिला अस्पताल कवर्धा में अब तक 771 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है। जिससे जिले के गरीब, मध्यमवर्गीय, जरूरतमंद मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही जिला अस्पताल में आधुनिक इंट्रीकेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, ब्लड बैंक, ओटी में ऑनलाइन पावर बैकअप की स्थापना, 38 चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त 16.63 करोड़ की लागत के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण के साथ जिला चिकित्सालय की क्षमता 100 बिस्तर से बढ़ाकर 220 बिस्तर की जा रही है और यहां की सुविधाएं बढ़ाने के लिए 258 पदों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में प्रतिमाह निःशुल्क कैसर स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। अब कवर्धा के लोगों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 11 दिसम्बर को मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन कर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु विशेष सौगात दी जाएगी।

**अनदेखी:** उठाव को लेकर दोहराई जा रही बीते वर्ष की गलतियां? समिति प्रबंधकों की बढ़ रही चिंता

# धान खरीदी प्रारंभ होने के करीब 22 दिनों के बाद भी केन्द्रों से उठाव शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य भले ही तेजी से चल रहा हो, लेकिन धान उठाव में हो रही देरी एक बार फिर व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। 15 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हुए लगभग 20 दिन से अधिक का समय हो चुका है, मगर जिले की अधिकांश समितियों से अभी तक धान उठाव की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। स्थिति यह है कि खरीदी केन्द्रों में प्रतिदिन बढ़ती धान की आवक के सामने उठाव की रफ्तार शून्य होने से आने वाले दिनों में गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि केन्द्रो में धान की बड़ी मात्रा लगातार जमा हो रही है। यदि जल्द ही उठाव शुरू नहीं हुआ, तो कई समितियों में जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है। ऐसे में न केवल किसानों को परेशानी होगी, बल्कि खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था भी पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने की आशंका है। इस स्थिति को लेकर किसानों और समिति प्रबंधकों में चिंता व्याप्त है। उनका कहना है कि जब शासन-प्रशासन धान खरीदी को लेकर इतने बड़े स्तर पर तैयारी का दावा करता है, तो धान उठाव की प्रक्रिया में इतनी लापरवाही समझ से परे है। खरीदी और परिवहन की व्यवस्था एक-दूसरे से जुड़ी होती है, इसलिए इनमें तालमेल का अभाव पूरे सिस्टम को प्रभावित करता है। गौरतलब है कि बीते वर्ष भी जिले में धान उठाव को लेकर लापरवाही सामने आई थी। समितियों पर खुले आसमान के नीचे पड़े हजारों क्विंटल धान बारिश और नमी की वजह से खराब हो गए थे, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा था। इसे लापरवाही की पराकाष्ठा ही कहें की लगभग पूरे साल भर समितियों में असुरक्षित ढंग से रखा धान उठाया ही नहीं गया था। अंततः नई खरीदी शुरू होने के कुछ माह पहले पुराने धान को हटाकर व्यवस्था दुरुस्त की गई, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इन सबके बाद भी यदि इस वर्ष धान उठाव में लापरवाही दोहराई गई, तो यह किसानों के साथ-साथ शासन की नीति प्रणालियों पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि धान खरीदी के साथ ही उठाव की प्रक्रिया को समान गति से संचालित करना अनिवार्य है, अन्यथा खरीदी केन्द्रों में भीड़, अव्यवस्था और धान के नुकसान जैसी समस्याएं फिर सामने आ सकती हैं। इसलिए आवश्यक है कि शासन-प्रशासन इस बार बीते वर्ष की गलतियों को दोहराने से बचे और खरीदी के साथ ही परिवहन व भंडारण की व्यवस्था को भी प्राथमिकता दे। यदि समय रहते उठाव नहीं हुआ तो न केवल धान खराब होने का जोखिम बढ़ेगा, बल्कि किसानों की मेहनत और सरकारी निवेश भी बर्बाद हो सकता है। जिले के किसानों ने उम्मीद जताई है कि इस बार प्रशासन सक्रियता दिखाते हुए जल्द से जल्द धान उठाव की प्रक्रिया को गति देगा, ताकि खरीदी केन्द्रों में सुचारु व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार के नुकसान की स्थिति न आए।



### केन्द्रों में लगातार जारी है आवक

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के सरईसेत धान खरीदी के प्रभारी प्रबंधक चंद्रकुमार चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार यहां आज तक कुल 14 हजार पांच क्विंटल खरीदी हो चुकी है लेकिन जहां तक उठाव की बात की जाए तो वह शून्य है। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति कोदवागोड़ान के सामिति प्रबंधक व केन्द्र प्रभारी गौरव परिमल ने बताया कि यहां भी अभी तक करीब 17 हजार 400 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है लेकिन उठाव शून्य है। यही स्थिति विकासखण्ड बोड़ला, पंडरिया, कवर्धा तथा स. लोहारा के प्रायः सभी धान खरीदी केन्द्रों की बताई जा रही है। जहां धान खरीदी तो लगातार हो रही है लेकिन उठाव शून्य है।

### समिति प्रबंधकों ने कहा 10 दिनो में हो सकती है जाम की स्थिति

जिले के समिति प्रबंधकों की माने तो आने वाले करीब दस दिनो तक अगर और उठाव नहीं किया गया तो केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल के ही दिनो में जिला कलेक्टर सहित जिले के प्रभारी सचिव ने स्वयं जिले के कई धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया था और समय पर धान के उठाव के निर्देश सबंधित अधिकारियों को दिए थे लेकिन इसके बावजूद उठाव की प्रक्रिया अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाई है जो चिंताजनक है।

# 11 दिसंबर को सीएम का कवर्धा आगमन प्रस्तावित



- कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

11 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कबीरधाम मेडिकल कॉलेज भूमिपूजन कार्यक्रम में आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शनिवार को जिला अधिकारियों के साथ घोटिया स्थित सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी इंतजाम समय सीमा में पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, दर्शक दीर्घा, पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, पंडाल निर्माण तथा यातायात प्रबंधन से जुड़े सभी पहलुओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित करने वाली स्टॉल और प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इसके लिए विभागों को स्टॉल आबंटित कर तैयारियां करने के निर्देश उन्होंने दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सभा स्थल में मंच और बैठक व्यवस्था से जुड़ी सारी तैयारियों की विस्तृत कार्ययोजना बनाते हुए काम जल्द प्रारंभ करने के लिए कहा। इसी प्रकार अन्य आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में उपस्थित होने वाले जन समुदाय के लिए सुविधाएँ सुगम एवं सुव्यवस्थित हों। संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर एक-एक कार्य की मॉनिटरिंग करने और कार्यक्रम स्थल पर लगातार उपस्थित रहकर प्रगति सुनिश्चित करने निर्देशित किया। यातायात व पार्किंग संबंधी इंतजामों को व्यवस्थित रूप देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएफओ निखिल अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम, एएसपी पुष्पेंद्र बघेल, एसडीएम चेतन साहू, उप संचालक पंचायत राज तिवारी, एपीओ केके साहू सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# गौरकापाधाम में श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया गया भगवान दत्तात्रेय का प्रकाट्योत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गौरकापा धाम में भगवान दत्तात्रेय का प्रकाट्योत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण और पूरे विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यह भव्य उत्सव गौरकापा मंदिर के थानापति परम पूज्य स्वामी विवेकगिरि महाराज के मंगलमय सान्निध्य में संपन्न हुआ, जिन्होंने भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान समस्त धार्मिक अनुष्ठान रमाशंकर के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान दत्तात्रेय की विशेष पूजा-अर्चना, हवन और आरती में अपनी सहभागिता दी। स्वामी विवेकगिरि महाराज ने इस अवसर पर उपस्थित भक्तों को धर्म और सद्भावना का संदेश दिया। पूजन एवं अनुष्ठान के सफल समापन के पश्चात सभी उपस्थित भक्तों और दर्शनार्थियों को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# न्यायमूर्ति श्रीमती दुबे ने किया जिला न्यायालय का निरीक्षण

- लोक अदालत सेंबंधी तैयारियों के दिए गए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति एवं पोर्टफोलियो जज, कबीरधाम श्रीमती रजनी दुबे द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय कबीरधाम का 06 दिसंबर को निरीक्षण किया गया। न्यायमूर्ति श्रीमती रजनी दुबे ने इस दौरान जिला न्यायालय, कबीरधाम के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण किया एवं उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को भवन के उचित रख-रखाव तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। न्यायमूर्ति श्रीमती रजनी दुबे द्वारा जिला न्यायालय कबीरधाम में निर्माणाधीन भवन व कैंटीन परिसर का भी निरीक्षण किया गया तथा लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स को निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। न्यायमूर्ति द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 13 दिसंबर 2025 के सफल आयोजन और अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण उक्त लोक अदालत में किए जाने के लिए न्यायिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी प्रदान किया गया। इस दौरान न्यायमूर्ति श्रीमती रजनी दुबे का स्वागत कबीरधाम के अधिवक्ताओं द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा अधिवक्ताओं से चर्चा भी की गई। निरीक्षण के समय उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रार विजिलेंस मंसूर अहमद उपस्थित थे।

## निरीक्षण कर दिए गए दिशा निर्देश...



**कवर्धा। कवर्धा प्रवास में पहुंची उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति श्रीमती रजनी दुबे ने जिला न्यायालय कबीरधाम का निरीक्षण** कर 13 दिसंबर को होने जा रहे नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन व न्यायालय परिसर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने संबंधितों को दिए निर्देश

आस्था समिति ने लगाया एचआईवी जांच शिविर, लोगों को दी गई आवश्यक जानकारियां

# सुदूर आदिवासी गांवों में लायंस क्लब ने बांटे 200 टिफिन बॉक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लायंस क्लब ने आज 7 दिसंबर रविवार को लोहारा तहसील की मिनमिनिया पंचायत के सुदूर आदिवासी गाँव गंजईडबरी और कवर्धा के निकट के आदिवासी बहुल गाँव चंदैनी में अभावग्रस्त जरूरतमंद लोगों को 200 टिफिन बॉक्स और 20 कंबल वितरित किए। लायंस क्लब के सहयोग से एनजीओ आस्था समिति ने गंजईडबरी में ही दौलतराम कश्यप के नेतृत्व में एक एचआईवी जाँच शिविर का आयोजन भी किया, जिसमें कुल 48 आदिवासियों के रक्त की जाँच की गई। सभी लोग एचआईवी नेगेटिव पाए गए। टिफिन बॉक्स वितरण के कार्य में लोहारा वासी समाजसेवी ज्ञानचंद चोपड़ा, मिनमिनिया के सरपंच बलराम सिंह, ग्राम चंदैनी के सुशील केशरवानी व योगेश केशरवानी ने सक्रिय सहयोग दिया। उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीरज मनजीत छाबड़ा व पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनके यदु ने बताया कि पिछले दस वर्षों से क्लब ने कबीरधाम जिले के आदिवासी इलाकों में पहुँचकर जरूरतमंद लोगों के बीच उल्लेखनीय सेवाकार्य किए हैं। इन सेवाकार्यों को लेकर डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल व रीजन चैयरपर्सन शांतिलाल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने व्यापक स्तर पर सराहना की है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु में हर वर्ष घने जंगल में आदिवासियों को कंबल वितरित किए जाते हैं और इस कड़ी में ग्राम सरोदा दादर में 200 से अधिक कंबल बांटे जा चुके हैं। इन सेवाकार्यों की वजह से डिस्ट्रिक्ट के 128 क्लब्स में नगर के क्लब को दस सर्वश्रेष्ठ क्लब्स में गिना जाता है। आज के कार्यक्रम में लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, नीरज मनजीत छाबड़ा, हरीश गांधी, कोमल गांधी, डॉ. एनके यदु, अजय गुप्ता, डॉ. संगीता चौहान, एमएल बांठिया, बीपी शर्मा, राजेन्द्र ठाकुर, मनोज कुमार ठाकुर, ज्ञानचंद जैन, शेरसिंह पाली, देवदत्त ठाकुर, हरदीप सलूजा, देवेन्द्र बिंदल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# भारतीय किसान संघ स.लोहारा की मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

भारतीय किसान संघ स.लोहारा तहसील अंतर्गत ग्राम मुंगेलीडीह (गोछिया) में तहसील ईकाई की मासिक बैठक बीते शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के किसानो की विभिन्न समस्याओं के साथ वर्तमान में चल रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी और गन्ना खरीदी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। बैठक में उपस्थित प्रदेश के मीडिया प्रभारी संजय साहू जिला कार्यकर्ता, मनहरण कौशिक, ब्लाक अध्यक्ष मूलचंद साहु, ब्लाक मंत्री विजय साहू, तहसील पदाधिकारी रामसहाय कौशिक, बलराम कौशिक, बलदाऊ कौशिक, तारा साहू, परस वर्मा, मुकेश सिंह ठाकुर, ईश्वर दास वैष्णव, माधो साहू, अश्विनी सिन्हा, घनश्याम कौशिक, गैंद सिंह, महेंद्र कौशिक, शत्रुघन कौशिक, युवराम कौशिक, तीरथ मेंरावी, कन्हैया कौशिक, जगतारण साहू, उत्तम मानिकपुरी, भरत कौशिक, शिव प्रसाद कौशिक, श्याम कौशिक, मेहत्तर कौशिक, रामचरण एवं बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ कार्यकर्ताओं और स्थानीय कृषक उपस्थित थे।

